दैनिक भास्कर



**बीमा की बात** यात्रा तभी सुखद होगी जब ट्रैवल इंश्योरेंस अपने-आप में मुकम्मल हो

# पर्यटन पर निकलने से पहले ट्रैवल इंश्योरेंस में ये छह खूबियां जरूर सुनिश्चित कर लें

*यात्रा पर निकलने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी परिस्थिति में आपको पैसे की तंगी न हो। अप्रत्याशित हालात कभी भी पैदा हो सकते हैं। ऐसे मौकों पर इंश्योरेंस काम आता है और उसे काम आना भी चाहिए।*

**कोविड** महामारी पीछे छूटती नजर आ रही है, सरकार ने पाबंदियां हटा ली हैं और जीवन सामान्य ढर्रे पर चल पड़ा है। इसके साथ ही पर्यटन तेजी से बढ़ने लगा है। लंबे समय तक घरों में बंद रहने को मजबूर लोग घूमने-फिरने निकलने लगे हैं। कुछ दिन बाद स्कूल-कॉलेज में गर्मी की छुट्टी भी हो जाएगी और पर्यटन बढ़ जाएगा। अब तो अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर फ्लाइट सर्विस भी शुरू हो गई है। ऐसे में सक्षम लोग विदेश यात्रा पर निकलने लगे हैं। पर्यटन के इस उत्साह के साथ सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि यात्रा चिंता-मुक्त हो और पर्यटन का पूरा आनंद उठाया जाए। ट्रैवल इंश्योरेंस यह जरूरत पूरी करता है। लेकिन, यात्रा के दौरान यह सुरक्षा कवच तभी इत्मिनान मुहैया कराएगा, जब वह अपने-आप में मुकम्मल हो। आइए जानते हैं कि ट्रैवल इंश्योरेंस में क्या-क्या होना चाहिए...

## आप यात्रा पर हैं तो घर की सुरक्षा का क्या?



पर्यटन पर निकलना मजेदार होता है, लेकिन आपका घर एक हद तक असुरक्षित हो जाता है। आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी में यह चिंता दूर करने की व्यवस्था होनी चाहिए। आपको पॉलिसी के दस्तावेज में देखना चाहिए कि उसमें होम बर्गलरी फीचर है या नहीं। यदि नहीं है तो इसे जुड़वाएं या पॉलिसी बदल लें, क्योंकि यह खास फीचर यात्रा के दौरान आपके घर में चोरी जैसे नुकसान को कवर करता है।

### ▪ फुल मेडिकल कवरेज

स्वास्थ्य से जुड़ी इमरजेंसी कभी भी हो सकती है। अगर विदेश में ऐसा हो जाए तो माली हालत पतली हो सकती है। इससे बचने के लिए पहले पक्का कर लें कि आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान सभी तरह के मेडिकल खर्चों को कवर करती है। ये सभी कवर कैशलेस होने चाहिए।

### ▪ निजी सामान की सुरक्षा कवर

विदेश में पासपोर्ट खो जाए तो चिंता की कोई बात नहीं होती। डुप्लीकेट पासपोर्ट बनवाने का खर्च बीमा कंपनी लौटाएगी। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी चेक-इन हुए बैगेज के पूरे नुकसान या देरी (12 घंटे से अधिक) के कारण होने वाले खर्च को भी कवर करती है।

### ▪ निजी देनदारी का कवर

यात्रा के दौरान किसी तीसरे पक्ष की कानूनी जवाबदेही के कारण भी आप मुश्किल में पड़ सकते हैं। किसी की मौत हो सकती है, स्वास्थ्य बिगड़ सकता है या किसी की संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। देख लें कि आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ऐसे मामलों में निजी देनदारी कवर करती है या नहीं?

### ▪ आपातकालीन वित्तीय मदद

यात्रा के दौरान ठगी, चोरी का जोखिम बना रहता है। आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ऐसी होनी चाहिए कि घर से दूर होने के बावजूद इमरजेंसी फंड उपलब्ध रहे। इसमें यह सुविधा होनी चाहिए कि जरूरत पड़ने पर खाने-पीने का खर्च, होटल खर्च, ट्रैवल की लागत जैसे खर्चों के लिए पैसे की चिंता न करनी पड़े।

### ▪ यात्रा में देरी या रद्द होना

कई अप्रत्याशित कारणों से आपकी यात्रा रद्द हो सकती है या उसमें देरी हो सकती है। फ्लाइट में देरी, मेडिकल जरूरतें, नौकरी या बिजनेस की समस्याओं या खराब मौसम के चलते ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं। ऐसे में आपको होटल में रहना पड़ सकता है या दूसरे इंतजाम करने पड़ सकते हैं। यह खर्च आपकी योजना में शामिल नहीं था। इसलिए आपकी ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी में ऐसे कारणों से होने वाले अतिरिक्त खर्चों का पूरा कवर होना चाहिए।



**राकेश जैन**
सीईओ, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस